पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में निर्माणाधीन एन0सी0सी0 ट्रेनिंग एकेडमी का निरीक्षण किया

## एन0सी0सी0 ट्रेनिंग एकेडमी के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन 'विरासत गलियारा' का निरीक्षण किया

## धर्मशाला बाजार से पाण्डेयहाता तक बन रहा विरासत गलियारा सिटी डेवलपमेण्ट प्लान का मॉडल बनेगा : मुख्यमंत्री

## मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने और बिजली के तारों को अण्डरग्राउण्ड करने के निर्देश

## मुख्यमंत्री ने बन्धु सिंह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स व मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण किया

**लखनऊ : 28 दिसम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज ताल कंदला, गोरखपुर में निर्माणाधीन एन0सी0सी0 (राष्ट्रीय कैडेट कोर) ट्रेनिंग एकेडमी का निरीक्षण किया। उन्होंने एकेडमी के मॉडल और ड्रॉइंग मैप का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने एकेडमी के निर्माणाधीन भवन की भौतिक प्रगति का भी जायजा लिया।

मुख्यमंत्री जी ने कार्यदायी संस्था को एन0सी0सी0 ट्रेनिंग एकेडमी के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने हॉस्टल, स्टाफ आवास, मेस के निर्माण के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि एकेडमी का 60 प्रतिशत निर्माण हो चुका है और निर्धारित समय तक इसे तैयार कर दिया जाएगा।

इसके उपरान्त, मुख्यमंत्री जी ने 555.56 करोड़ रुपये की लागत से धर्मशाला बाजार से पाण्डेयहाता तक 3.50 कि0मी0 लम्बाई में निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण परियोजना 'विरासत गलियारा' का निरीक्षण किया। उन्होंने विरासत गलियारा के तहत पाण्डेयहाता, नखास चौक के पास व अलीनगर में निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने ड्रॉइंग मैप व ले–आउट का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला बाजार से पाण्डेयहाता तक बन रहा

विरासत गलियारा सिटी डेवलपमेण्ट प्लान का मॉडल बनेगा। विरासत गलियारा की प्रगति वहां के लोगों के चेहरे की चमक के रूप में दिख रही है।

मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि 2.20 कि0मी0 तक नाला निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है और 1.30 कि0मी0 कार्य शेष है। मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य तेज करने और गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने और बिजली के तारों को अण्डरग्राउण्ड करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह ध्यान रखा जाय कि कहीं भी जल जमाव की समस्या न आने पाए। नाले पर समतल स्लैब डाली जाएं, ताकि इसका प्रयोग फुटपाथ के रूप में हो सके।

मुख्यमंत्री जी ने विरासत गलियारा का निरीक्षण करने के दौरान घण्टाघर में करीब 28 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे बन्धु सिंह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स व मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स व मल्टीलेवल पार्किंग के ले–आउट और ड्रॉइंग मैप का अवलोकन करने के बाद निर्मित सभी तलों के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां अमर बलिदानी बन्धु सिंह की मूर्ति के लिए भी जगह रखी जाए। ऐसी व्यवस्था रहे कि पहले से यहां होते रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर प्रभाव न पड़े। उन्होंने कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण में तेजी लाते हुए समस्त कार्य समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण व शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

————————

***PN-CM-Gorakhpur Visit-Inspection-NCC Training Academy & Virasat Galiyara -28 December, 2025***